**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 26 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने भारतीय किसानों के कल्याण और हितों को वरीयता देने के लिए अमरीका के कृषि उत्पादों के आयात की अनुमति देने से इंकार कर दिया है। भोपाल में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में श्री चौहान ने कहा कि नया भारत विश्वास से भरा है।

कृषि मंत्री ने कहा कि भारत ने तय किया है कि राष्ट्र हित सर्वोपरी है। कोई भी समझौता देश के हितों के खिलाफ नहीं होगा। किसान के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मछुआरों और पशुपालकों के हितों से भी कोई समझौता नहीं होगा।

श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत के 144 करोड नागरिकों को दैनिक उपयोग के लिए स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आह्वान भी याद दिलाया।

*******************************************************************************

आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। हरियाणा के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ वीरेंद्र यादव ने आज बताया कि सभी जिलों में आज से 2सितंबर तक यह दिवस मनाया जाएगा।

डॉ यादव ने बताया कि इस बार का लक्ष्य 1 से 19 वर्ष के लगभग 99 लाख बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष की साढ़े सात लाख गर्भ धारण करने वाली महिलाओं को विद्यालय, आंगनवाड़ी स्तर पर एलबेंडाजोल की गोली खिलाने का है। यह गोली 14हजार 378 सरकारी व 9 हजार 136 निजी विद्यालयों, 25 हजार 969 आंगनवाड़ी, 900 डिग्री कॉलेजों व आईटीआई में दी जाएगी।

*******************************************************************************

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज पलवल में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल यानी पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई गई। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. सतेंद्र वशिष्ठ, उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी भी मौजूद रहीं ।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के अभिभावकों को इस अभियान के बारे में जागरूक करें।

*******************************************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जितेंद्र सहगल को डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद से गांजा सहित काबू किया गया ।

**************************************************************************

हरियाणा के अधिकतर इलाकों में  लगातार बारिश हो रही है। प्रदेश में जून से लेकर अब तक  385.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है जो की सामान्य से अधिक है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मदन लाल खिचड़ ने बताया कि अभी तक राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में अधिक बारिश हुई है। पिछले दो दिनों में फिर से मानसून की सक्रियता  बढ़ी है।  मानसून  मध्य भारत से उत्तर की तरफ बढ़ा है जिससे कुछ स्थानों पर मध्यम व कुछ स्थानों पर तेज बारिश हो रही है।

**************************************************************************